5- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/4/2025 7:57 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

**तापमान**

अधिकतम 39.7 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री



महाअष्टमी पर मन्दिरों में महागौरी पूजा के साथ घर-घर हुआ कन्या पूजन।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज

**बिलासपुर।** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर 6 अप्रैल रविवार को भगवान प्रभू श्रीराम की 7वीं शोभायात्रा शाम 4 बजे शांतिनगर पानी टंकी से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा अमेरी चौक, बिजली आफिस रोड, नेहरुनगर हनुमान मंदिर चौंक, गणेश चौंक, पुराना आरटीओ आफिस, मुंगेली नाका चौक, 27 खोली चौक, मंगला चौक, उसलापुर ओव्हर ब्रिज से शुभम बिहार होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर 36 माल के पास हनुमान महराज की आरती के साथ शोभा यात्रा का समापन होगा। शोभायात्रा में नगर वासियों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### सिम्स के डॉ. टेम्भूर्णिकर का तबादला

**बिलासपुर।** सिम्स मे मेडिसीन विभाग के एचओडी और डॉ. पंकज टेम्भूर्णिकर का तबादला अंबिकापुर कर दिया गया है। उन्हें राजमाता कुमारी सिंहदेव मेडिकल कालेज भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में अंबिकापुर स्थित मेडिकल कालेज से डॉ. लखन सिंह का तबादला करते हुए उनकी बिलासपुर में पदस्थापना की गई है, जिसके बाद से ही अंबिकापुर मेडिकल कालेज में मेडिसीन प्रोफेसर का पद खाली है। रायपुर के बाद अब अंबिकापुर में भी पीजी की सीटों पर मान्यता का खतरा मंडराने लगा था, ऐसे में प्रोफेसर की कमी को देखते हुए डॉ. पंकज टेम्भूर्णिकर को अंबिकापुर भेजा जा गया है। ज्ञात हो कि हाल ही में रायपुर मेडिकल कॉलेज में 2 पीजी की सीट कम कर दी है, ऐसे में रायपुर मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर का तबादला नहीं किया जा सका है, वहीं बिलासपुर मेडिकल कॉलेज में डॉ. लखन सिंह चिकित्सा अधीक्षक के साथ ही मेडिसीन विभाग के प्रमुख की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।

### 17 से आनलाइन होगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए पंजीयन कर चुके आवेदकों के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके लिए उम्मीदवारों के प्रवेशपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 से 21 अप्रैल एवं 24 से 26 अप्रैल 2023 तक निर्धारित है। यह ऑनलाइन परीक्षा 3 पालियों में आयोजित होगी, जिसके लिए भिलाई, बिलासपुर और रायपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आवेदकों के लिए भिलाई में पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, बिलासपुर में लख्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोदरी एवं रायपुर में पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल कॉम्पलेक्स, संत रविदास वार्ड नं. 70 सरोना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## बिल्हा और तखतपुर सेमी-क्रिटिकल जोन में


# गहराया जल संकट, जिले में 41 मीटर नीचे चला गया जलस्तर

- तखतपुर के 36 गांव इस लिहाज से संवेदनशील माने गए
- भूजल स्तर 250 फीट पार पहुंचा, कई क्षेत्रों में बोरिंग और हैंडपंप सूखे

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

जिले में जलसंकट गहराया जा रहा है। तखतपुर के 36 गांव इस लिहाज से संवेदनशील माने गए हैं तो भूजल विभाग ने पानी के गिरते स्तर के लिए बिल्हा, मस्तूरी और कोटा को भी संवेदनशील माना है। आलम यह है कि वर्ष 2020 से लेकर अब तक बिलासपुर में 41 मीटर तक जल स्तर नीचे गिर गया है। भू-जल विद विभाग की मानें तो आने वाले समय में जल संकट और भी गहराने वाला है। इसके लिए अभी से उपाय जरूरी हैं नहीं तो पीने के लिए भी पानी का संकट हो सकता है। जानकारों के मुताबिक तालाब और पोखरों को पाटकर इमारतें बनाई जा रही हैं, जिससे बारिश का पानी संचित नहीं हो पा रहा है। जो कुछ तालाब बचे हैं, उनमें पानी नाम मात्र का रह गया है। हालात यह हैं कि भूजल स्तर 250 फीट पार पहुंच चुका है, जिससे कई क्षेत्रों में बोरिंग और हैंडपंप भी पूरी तरह सूख गए हैं।

जानकारों के मुताबिक, गिरते जल स्तर का मुख्य कारण यह है कि जगह-जगह बोरिंग की जा रही है। इसके चलते बिलासपुर की जीवनदायिनी अरपा नदी इस दिनों सूखी पड़ी है। बिलासपुर, बिल्हा और तखतपुर ब्लॉक में 90 प्रतिशत लोगों के घरों में निजी बोर का पानी पहुंचता है चाहे वो शहर हो या गांव, पीने का पानी बोर की व्यवस्था पर ही टिकी हुई है। भूजल विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार बिल्हा और तखतपुर में कृषि कार्य के लिए पानी का सबसे अधिक दोहन हो रहा है इसलिए सबसे अधिक खराब स्थिति इन ब्लॉकों की है। कोटा क्षेत्र भी इन मायनों में संवेदनशील है। बिल्हा और तखतपुर में रबी की धान की फसल बड़े पैमाने पर की जा रही है। धान की फसल के लिए सबसे अधिक पानी का उपयोग होता है।



### 84 हजार 324 आबादी के 36 संवेदनशील गांव

संवेदनशील गांवों में मोछ, सांवाताल, लमेर, राजपुर, पेंडरी, बेलगहना, पकरिया,खपरी, बेलटुकरी, नेवरा, गनियारी, परसदा, घुटकू, लोखंडी, मेंड्रा,खजुरी नवागांव,देवरीखुर्द, भिलौनी, खम्हरिया, भरनी, ढनढन, विचारपुर, कुआ, जरौधा, गिरधौना,संबलपुरी, भाडम,पोड़ी, चितावर, खैरी, केकती, पेंडारी, चिचिरदा, भुंडा, चनाडोंगरी, सैदा शामिल हैं। इन गानों की कुल जनसंख्या 84 हजार 324 है।

### निगरानी के दिए गए निर्देश

शासन की ओर से सभी कलेक्टरों को पत्र लिखते हुए पानी के दोहन पर सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। साथ ही भूल जल संवर्धन के लिए मनरेगा, डीएमएफ और आपदा प्रबंधन कोष से व्यवस्था की जानी है। इस बारे में जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

**- अवनीश शरण, कलेक्टर**

### बिल्हा और तखतपुर सेमी-क्रिटिकल जोन में

इसके साथ ही भूजल स्तर गिरने से बिल्हा में 170 और तखतपुर में 150 हैंडपंप पूरी तरह सूख गए हैं। बिल्हा 89.17% भूजल दोहन के साथ क्रिटिकल जोन के करीब पहुंच गया है, जबकि तखतपुर 70.84% भूजल उपयोग के साथ सेमी-क्रिटिकल जोन में आ चुका है। माना जा रहा है कि यदि जल्द उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। जानकार मानते हैं कि पूरे जिले में कंक्रीट का जाल फैलता जा रहा है और जमीन को पानी मिल ही नहीं पा रहा है। यही वजह है कि भूजल संकट का खतरा लाल निशान से भी ऊपर पहुंच गया है।

### तालाब हो रहे कम, फैक्ट्री, उद्योग बढ़ते गए

भू जल वैज्ञानिक सचिन पराते का कहना है कि 12 महीने हरी सब्जी की मांग पर किसान साल में सब्जी की तीन फसल लेते हैं। ट्यूबवेल से पानी खींचना, बारिश का पानी पर्याप्त रूप से जमीन में नहीं जाने से ग्राउंड वाटर का रिचार्ज नहीं होना, शहरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बोरिंग से भी वॉटर लेवल में कमी हो रही है। इसके साथ ही गिरते जल स्तर का मुख्य कारण यह भी है कि तालाबों का अस्तित्व अब कम होता जा रहा है। पहले जगह जगह तालाब हुआ करते थे लेकिन अब तालाबों में या तो पानी नहीं छोड़ा जा रहा या फिर उन्हें पाट दिया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में फैक्ट्रियां, इंडस्ट्रीज और छोटे छोटे उद्योग बढ़ गए हैं। पानी के लिए जगह जगह बोरिंग किए जा रहे हैं जिसके कारण वॉटर लेवल 300 से 500 फीट नीचे चला गया है।

### कलेक्टरों को दोहन पर निगरानी के आदेश

लगातार गिरते जलस्तर पर अब सरकार गंभीर होती नजर आ रही है। शासन के अवर सचिव ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखते हुए पानी के दोहन पर सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में इसका भी उल्लेख है कि भूल जल संवर्धन के लिए मनरेगा, डीएमएफ और आपदा प्रबंधन कोष से व्यवस्था की जाए। साथ ही एक रिपोर्ट भी सामने आई है जिसमें उल्लेख है कि प्रदेश भर में पानी संकट गहराया है। इसमें साफ है कि पिछले 20 सालों में भूल जल दोहन की दृष्टि से सुरक्षित विकासखंडों की संख्या 138 से घटकर प्रदेश भर में 120 रह गई है।

## एक ही दिन में तीन डिग्री उछला पारा, गर्मी ने किया हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आसमान से बादल हटते ही सूरज अपने तेवर दिखाने लगा है। शनिवार को पारा उछलते हुए 39.2 डिग्री पर जा पहुंचा जबकि शुक्रवार के मुकाबले 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। ऐसे में लोगों को गर्मी और उमस से परेशान होना पड़ा।

पश्चिमी विक्षोम का असर कम होने लगा है। आसमान से बदल गायब हो रहे हैं और धूप में तेजी दर्ज की जा रही है। शनिवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों का हलक सूखा दिया। दोपहर 1 बजे तक पारा 39 डिग्री पर जा पहुंचा। मौसम के जानकारों के मुताबिक धीरे-धीरे ही सही लेकिन आने वाले 2 से 4 दिनों में धूप में तेजी बढ़ेगी। इस दौरान पारा 42 डिग्री के आसपास जा सकता है लेकिन 10 तारीख के बाद मौसम में कुछ समय के लिए परिवर्तन होगा, इसका असर तापमान में कम ही दिखाई देगा।

### पुलिस के पकड़ने पर नशेड़ी ने ब्लेड से गला रेता

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस के अनुसार बैटरी चोरी के संदेह पर डायल 112 के आरक्षक चांटीडीह ईरानी मोहल्ला निवासी बाबू ईरानी को पकड़कर गाड़ी में बैठा रहे थे। इसी दौरान उसने ब्लेड से अपना गला रेत लिया और हंगामा मचाने लगा। उसे खून से लतपथ देखकर पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। इलाज के दौरान भी वह सिम्स में हंगामा मचा रहा था। बताया जा रहा है कि उक्त युवक आदतन बदमाश है और पूर्व में लूट के मामले में पकड़ा जा चुका है। पुलिस को देखते ही वह इस तरह की हरकतें करने लगता है। टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, डायल 112 के द्वारा सूचना दी गई है, उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

DIGITAL™
WEIGHING SYSTEMS (P) LTD.
Application Invited For
SALES EXECUTIVE
Exp. -1-2 Year
ELECTRONIC ENGINEER
Exp. -1-2 Year
PURCHASE MANAGER
Exp. -1-2 Year
Regd.Off. P1 B&C P2,Industrial Area Tifra Bilaspur (C.G.) 495223 India
dwsbsp@yahoo.com
+918269742246

## नाइट लैंडिंग की मशीन आई पर आज तक कमरे नहीं बने

**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा 8 माह बाद भी अधूरी है। पीडब्ल्यूडी द्वारा कक्ष निर्माण में बेवजह देरी की जा रही है, इसका नतीजा यह है कि डीवीओआर मशीन का इंस्टालेशन नहीं किया जा सका है। खास बात यह है कि सुविधाओं के विस्तार के लिए हवाई सुविधा संघर्ष समिति लगातार धरना दे रही है और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही जारी है।

बिलासा एयरपोर्ट में बोइंग और अन्य बडी विमानों के संचालन की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसके लिए डीवीओआर जैसी मशीनों के इंस्टालेशन की सख्त जरूरत है, हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया है, लेकिन प्रशासन व पीडब्ल्यूडी की उदासीनता भारी पड़ने लगी है। बताया जा रहा है कि नाइट लैंडिंग के लिए डीवीओआर मशीन भारत पहुंच चुकी है, लेकिन इसे स्थापित करने के लिए बिलासा एयरपोर्ट में अब तक कक्षों का निर्माण तक नहीं किया गया है। अधिकारियों की उदासीनता यह है कि इलेक्ट्रिकल कार्य का टेंडर तक नहीं हो सका है। अधिकारियों ने मार्च तक कक्ष और इलेक्ट्रिक कार्य पूरा करने का दावा किया था और विदेश से मशीन आते ही स्थापना की बात कही थी लेकिन 8 माह बाद भी निर्माण कार्य अधूरा रहना समझ से परे है।



**इच्छाशक्ति का अभाव :** सदस्यों ने कहा कि जहां बिलासा एयरपोर्ट को लेकर दोयम दर्जे का काम किया जा रहा है, वहीं स्थांनीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में भी इच्छा शक्ति का अभाव है, यही उदासीनता का कारण है। बिलासपुर में वरिष्ठ और अनुभवी नेता राज्य और केंद्र सरकार से जुड़े हैं, एयरपोर्ट के काम में समयबद्धता के लिए किसी ने ठोस पहल नहीं की है। समिति में जनप्रतिनिधियों से एयरपोर्ट के काम में तेजी लाने के लिए दबाव बनाने की अपील की है। शनिवार को धरना जारी रहा, जहां मनोहर खटवानी,रवि बनर्जी, बद्री यादव, मनोज श्रीवास, चंद्र प्रकाश जायसवाल, संतोष पीपलवा, महेश दुबे टाटा, जसवीर सिंह, दीपक कश्यप, अखिल अली शाहबाज अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### लगेगा 4 माह का समय

हवाई संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि विदेश से आ रही डीवीओआर मशीन को सिंक्रोनाइज करने में चार महीने का समय लगेगा। अप्रैल में मशीन स्थापना का कार्य शुरू होने के बाद भी अगस्त तक सही तरह से मशीन काम कर सके इसमें संदेह है। इसके बाद ही नाइट लैंडिंग का लाइसेंस मिल सकेगा। यानी विंटर शेड्यूल के पहले बिलासपुर में नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं मिल सकेगी।

### पुनरीक्षण याचिका खारिज, स्पेशल कोर्ट में मुकदमा चलाने का रास्ता साफ

# शिक्षाकर्मी भर्ती में भ्रष्टाचार, बिलासपुर के पूर्व एसी ट्राइबल जायसवाल को हाईकोर्ट से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की नियुक्तियों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे पूर्व जनपद पंचायत सीईओ वाड्रफनगर व पूर्व एसी ट्राइबल बिलासपुर सीएल जायसवाल को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जायसवाल की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया है, जिससे अब स्पेशल कोर्ट में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है। श्री जायसवाल 31 मार्च को रिटायर हो चुके हैं।




यह मामला वर्ष 1998 का है, जब राज्य सरकार द्वारा शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। उक्त प्रक्रिया में जनपद पंचायत वाड्रफनगर के सीईओ को चयन समिति का पदेन अध्यक्ष बनाया गया था। समिति के अध्यक्ष रहते हुए जायसवाल पर आरोप लगे कि उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरतते हुए अपने रिश्तेदारों और चहेतों को लाभ पहुंचाया।

शिकायत के बाद सरगुजा कलेक्टर ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। समिति की रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि जिन अभ्यर्थियों का चयन किया गया, उनके पास आवश्यक योग्यता नहीं थी और पूरी प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई।

### एसीबी और ईओडब्ल्यू ने प्रकरण दर्ज किया

रिपोर्ट के आधार पर एसीबी और ईओडब्ल्यू ने प्रकरण दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि चयन समिति के 9 सदस्यों ने नियमों को ताक पर रखकर भर्ती क। जिसमें ओबीसी और अनुसूचित जाति वर्ग की सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। जांच पूर्ण होने के बाद 27 जून 2018 को स्पेशल कोर्ट बलरामपुर ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और आइपीसी की धारा 120-बी के तहत आरोप तय करते हुए जायसवाल के विरुद्ध मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए जायसवाल ने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।



# PREMIER ACADEMY



## PREMIER ACADEMY से NEET 2024 में GOVT. MEDICAL COLLEGE में प्रवेशित छात्र

### CRASH COURSE
**NEET 2025**
PAT/PET/PPHT/BSc. NURSING

**ABHIJAY TEST SERIES**
10 Full Length Tests

### DROPPER COURSE
**NEET/IIT-JEE/CUET**
1 Year Classroom Program
- All Syllabus Coverage
- Test Series & One to One Doubt Session
- Daily 6 to 7 Hours Classes
- हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक कक्षाएं
- लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक हॉस्टल उपलब्ध

### SCHOOL+COACHING
**NEET/IIT-JEE**
2 Years Classroom Program
For 11th & 12th

➜ सभी कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
➜ हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध

### Are you Looking for CRASH COURSE CUET
- English
- GT (General Test)
- Maths / Reasoning
- Domain Subjects (Arts / Commerce / Science)
- General Studies
- Legal Studies



**Full Length Test Available for all Subjects**

## All New Batches From 7th April 2025
## For IITJEE/NEET/CUET/NCET

### NEET-2024 में चयनित छात्र
सैनी रंजन दास-एम्स भुवनेश्वर, रिया मिश्रा-यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, गुनगुन सिंह-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति मेडिकल कॉलेज कानपुर, आशुतोष शर्मा-पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर, आदित्य कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया, महेन्द्र नायक-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी, ऋषि शेखर-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, आकांक्षा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, रेखा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, लोकेश जायसवाल-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, मो. नदीम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, सुखसागर-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, ममता नेताम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर, चंद्रदेव-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, गगन सिंह-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, अंजना भगत-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सुरेन्द्र कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, दिनेश नाग-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, नंदिनी कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, स्नेहा तिग्गा-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, राहुल-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, ज्योतिराज-शासकीय चिकित्सा महाविद्याल कांकेर, दिव्या कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, जगन्नाथ-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद,

### CUET-2024 में चयनित छात्र
**दिल्ली विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, अमित मरकाम, चंदन जनबंधु, देवेन्द्र, दुलेश कुमार पिसदा, ममतेश कुमार, सागर, व्यंकटेश, मुस्कान दिवान, सत्या सिंह

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** :- दीपिका सिंह, गनेश्वरी सिंह, कुलेश्वरी, सुष्मिता खलखो, उमंग सिदार, देवशरन सिंह

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, दिव्या, कुलेश्वरी, चंदन, जैकी राजवाड़े, कुमलाल, टिकेश्वर, प्रीति, नोमेश मंडावी, परमवीर, लोमेश्वरी सेठिया

**Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur**
**Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur**
**Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur**

For Information: 8902987789, 6260618880

Follow us @PREMIER_ACADEMY_CG

5 APRIL- BSP-PG-3_Layout 1 4/6/2025 12:27 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### शांति निकेतन स्कूल की सिद्धी को गणित में मिला 92 प्रतिशत



**बिलासपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 11 वीं की छात्रा सिद्धी यादव ने गणित विषय में सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान में रहीं। परीक्षा परिणाम की घोषणा आरएलजी सेवा प्रशासनिक समिति की अध्यक्ष रेखा गुप्ता ने किया। उन्होंने कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। नर्सरी क्लास की भूमि राही 97 प्रथम, तुशांत कैवर्त्य 96 द्वितीय, अर्श मौर्य व नित्या कश्यप 94 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। केजी मितांशी साहू 95 प्रथम, राधव राजपूत, सृष्टि पुरी, तमन्ना यादव 91 द्वितीय व काव्यांश यादव ने 80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। केजी 2 काव्यांश यादव 98 प्रथम, रुद्र वर्मा 93 द्वितीय व अभय साहू 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय आए। कक्षा पहली की आराध्य तिवारी 99 प्रथम, शिवाय साहू 88 द्वितीय, वात्सल्य कैवर्त्य व आनवी साहू 83 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय आए। कक्षा दूसरी से आरव वर्मा 94 प्रथम, आयुष सोनी 89 द्वितीय व समापारा गोरख 86 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी की हर्षिता यादव 99 प्रथम, अतिक्ष साहू 93 द्वितीय व आयुष मानिकपुरी 92 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा चौथी के आदित्य कैवर्त्य 94 प्रथम, आराध्य घोर 91.7 द्वितीय व प्रथम दास 89.2 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 6 वीं की झिलमील कश्यप 93 प्रथम, प्रशांत वर्मा 80 द्वितीय व देवी केंवट 75 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 7 वीं की आन्या तिवारी 96 प्रथम, सुहाना केशरवानी 93 द्वितीय व रुद्र प्रकाश 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 9 वीं की मनीषा मानिकपुरी 82 प्रथम, पलक मानिकपुरी 81 द्वितीय व नीधि केंवट 80 प्रतिशत अंक अर्जित किया। इसी तरह कक्षा 11 वीं की छात्रा सिद्धी यादव ने गणित विषय में 92 प्रथम, प्रगति राणे ने बायो में 91 द्वितीय व गणित विषय लेकर पढ़ रही छात्रा दिशीका खुंटे व बायो की छात्रा जान्हवी कौशिक 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रही।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलवे के 56 कर्मचारियों को दिया गया पुरस्कार



**बिलासपुर।** रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के सभागार में 69वां रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिलासपुर रेल मंडल के 56 कर्मचारियों को डीआरएम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसमें अनुभाग नियंत्रण बिलासपुर की निकिता श्रीवास को वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे स्व. मुकेश श्रीवास की पुत्री एवं पूर्व हाकी खिलाड़ी स्व. डीपी श्रीवास की पोती हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल और विशिष्ट अतिथि मंडल सेक्रो की अध्यक्षा भगवती खोईवाल थी। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ.अंशुमान मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ी गीतों की धुन पर मनाया गया स्नेह सम्मेलन



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्राओं के लिए स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गीत, संगीत के साथ-साथ विभिन्न खेलों को शामिल किया गया था। उक्त सम्मेलन में कालेज के पूर्व प्राचार्य, प्रोफेसर्स, कलीग्स व बैचमेटस शामिल हुए। इस दौरान गीत, कविता के साथ नए-पुराने व छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। शहर के शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्राओं के लिए स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें आकर्षक बौद्धिक खेल के साथ भाग्यशाली ड्रॉ निकाला गया। साथ ही देश व समाज में महिलाओं की स्थिति एवं बढ़ते अपराध को लेकर चर्चा की गई। सुदीप्ता बोस एवं जगदीश सलूजा को पंचुलिटी एवं पर्सन ऑफ दे डे चुना गया। लकी ड्रॉ में कस्तूरी सेठी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेलों में रंजना चड्डा, रंजना दीक्षित, सपना हेनरी, सतिंदर चतरथ, अनिता दुआ व डॉ. छाया तिवारी विजयी रहीं। जिन्हें शीला तिवारी, गुलशन दास व नमिता घोष द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यभामा अवस्थी, रीता राजगीर, निरूपमा वाजपेई एवं पूर्णिमा पिल्ले ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर वंदना बाजपेई, भारती दुबे, आयत्री सेनगुप्ता, अर्चना मिरी, रनबीर टुटेजा, सोनाली बोस, आशिया कुरैशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### एयू ने बेला को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विवि ने शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हिंदी के रूप में



कार्यरत बेला महंत को पीएचडी की उपाधि से दी है। कबीर की लोकव्यापकता एवं छतीसगढ़ी साहित्य पर प्रभाव विषय पर यह शोध प्रबंध बेला महंत ने डॉ अंजलि शर्मा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पथरिया के निर्देशन में पूर्ण किया। बेला महंत राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत डिप्टी कलेक्टर बीएल मानिकपुरी एवं स्व. विमला देवी मानिकपुरी की पुत्री तथा डॉ पीडी महंत की पत्नी हैं।

### कामना की कहानी का प्रसारण आज

**बिलासपुर।** आकाशवाणी बिलासपुर से कल रविवार 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे कामना पांडेय की कहानी उपहार का प्रसारण, कार्यक्रम आओ बच्चों में किया जाएगा।

### पुलिस मैदान से फिट इंडिया पहल के तहत सायकल रैली आज

**बिलासपुर।** केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित अभियान खेलो इंडिया योजना के अनुक्रम में फिट इंडिया पहल के तहत फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्धेश्य से केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अभियान के फिट इंडिया मिशन के तहत द संडे ऑन सायकल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर जिला पुलिस बिलासपुर के तत्वाधान में रविवार 6 अप्रैल को सुबह 7 बजे पुलिस ग्राउंड से फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता के लिए शहर के विभिन्न नागरिक संगठनों, समूहों और आम नागरिक समुदाय के सहयोग से साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा रोड, कोतवाली, गोलबाजार, सिम्स चौक, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक से होते पुलिस ग्राउण्ड में समाप्त होगी।

एक्स रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर बढ़ा मरीजों का विश्वास, रोज 100 से अधिक ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





मस्तिष्क व ह्रदय रोगों के उपचार के लिए कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल लोगों की उम्मीद का केन्द्र बनने लगा है। इसके साथ ही किडनी की समस्या से पीड़ित मरीजों के लिए भी अस्पताल में सतत ओपीडी शुरू की जा चुकी है। इसका परिणाम देखने को मिल रहा है। रोजाना 100 से अधिक मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जा रहा है। खास बात यह है कि 5 माह के भीतर ही एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई मशीनों का पूर्णत इंस्टालेशन किया जा चुका है और जांच भी शुरू की गई है। ऐसे में सिम्स अस्पताल पर निर्भरता भी कम होने लगी है।

- 5 माह में 60 फीसदी मशीनों का हो चुका है इंस्टालेशन

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मस्तिष्क, किडनी और ह्रदय रोगियों को बेहतर इलाज मिलने लगा है, स्पेशलिटी डाक्टरों की निगरानी में नियमित तौर पर अत्याधुनिक तकनीकी सहायता द्वारा जांच संभव हो रही है, इसी का परिणाम है कि 5 माह के भीतर 6 हजार से ज्यादा मरीजों ने ओपीडी में इलाज पाकर उपचारित हो चुके हैं। वहीं अब अस्पताल में आईपीडी की सुविधा शुरू की जा रही है, इसके लिए 10 बेड का ट्राइएज तैयार हो चुका है, साथ ही आधुनिक वेंटिलेटर वार्ड तैयार है, जहां भर्ती होने वाले मरीजों को आटोमेटिक अंटेंडर कालिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। पूरी तरह से वातानुकुलित वातावरण में मरीजों का इलाज संभव हो रहा है, ऐसे में दूर दराज से भी मरीज अस्पतताल पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि बिलासपुर सहित अंबिकापुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, मुंगेली, अनुपपुर, अमरकंटक से मरीज सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज कराने आ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश के अन्य सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के साथ ही कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का नाम शुमार होने लगा है।

#### 60 फीसदी उपकरण का इंस्टालेशन पूरा

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के जरिए मरीजों का उपचार किया जाना है। अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी और एक्सरे जैसी सुविधाओं शुरू की जा चुकी है। कार्डियोलॉजी विभाग में ईको और ट्रेडमिल टेस्ट की सुविधाएं उपलब्ध है जिससे ह्रदय रोगियों को त्वरित और सटीक निदान प्राप्त हो रहे हैं। मरीजों के सैंपल लेकर पैथोलॉजी विभाग द्वारा त्वरित जांच रिपोर्ट भी मिल रही है। अबतक तक छोटी व बड़ी 60 फीसदी उपकरणों का इंस्टालेशन पूरा किया जा चुका है, वहीं आगामी 2 माह के भीतर अस्पताल में सर्वसुविधायुक्त आपरेशन थिएटर भी शुरू किया जाएगा।

#### बढ़ चुकी है ओपीडी

वर्तमान में संसाधनों के साथ काफी कुछ सुधार हो चुका है। अस्पताल में मरीजों की ओपीडी बढ़ चुकी है। बाह्यरोगी विभाग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, अब ओपीडी के बाद आईपीडी और आपरेशन थिएटर शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। यह भी दो से तीन माह में संभव होगा। इसके बाद गंभीर रूप से बीमार रोगियों को भी बेहतर तरीके से इलाज संभव होगा।

-**डॉ. बीपी सिंह,** अधीक्षक, सुपर स्पेरशलिटी अस्पताल

## एरीना एनीमेशन व पिनाकल डिजाइन ने मनाया स्थापना दिवस





**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन एवं सहयोगी संस्था पिनाकल डिजाइन एरीना ने 5 अप्रैल को अपना 27वां वर्षगांठ एवं 28 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान की उपलब्धियों, विद्यार्थियों के योगदान एवं भावी योजनाओं को साझा किया गया। संस्था की स्थापना 5 अप्रैल 1998 को एक छोटे से सेटअप के साथ हुई थी। आज यह डिजाइन, मल्टीमीडिया, फैशन और इंटीरियर डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान बन चुका है, जहां से प्रशिक्षित विद्यार्थी देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। इस वर्ष संस्थान ने पहल करते हुए डा.सीवी रमन विश्वविद्यालय के सहयोग से बी वोस डिग्री पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। इसमें मल्टीमीडिया एवं एनीमेशन, फैशन डिजाइनिंग और इंटीरियर डिजाइनिंग शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वंशिका मार्टिन ने किया। इसमें सुलक्षणा जिलारे, विवेक दुबे, मनीष मौर्य, निधि मिश्रा, राकेश खिल्लन, समीर सोलोमन, हितेश टांडे, विनीता सिंह, उमा, पूजा, दिव्या एवं संदीप यादव आदि का सहयोग रहा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र गुंज त्रिवेदी, सर्वश्रेष्ठ छात्रा दामिनी शर्मा, तिमाही सुपरस्टार सीनियर कैटेगरी में गुंज त्रिवेदी, जूनियर कैटेगरी वंशा मुरारका, मासिक सितारे सीनियर कशिश गेहानी, जूनियर में दामिनी शर्मा रही। इस दौरान पिछले तीन महीनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा यह समारोह केवल एक अवसर नहीं, बल्कि हमारे सपनों को साझा करने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का माध्यम है। हम शिक्षा को सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि क्षमता और चरित्र निर्माण का साधन मानते हैं।

एजुकेशन प्लस





विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के आज 6 अप्रैल को स्थापना की बधाई...
सबका साथ
सबका विकास
सबका विश्वास-सबका प्रयास
से मुंगेली जिले में पहली बार
अभूतपूर्व एतिहासिक सफलता
से मुंगेली जिला हुआ भाजपामय
स्मृति शेष हमारे अग्रज रहे
स्व. लखीराम अग्रवाल जी
स्व. निरंजन केशरवानी जी
स्व. दिलीप सिंह जूदेव जी
स्व. डॉ. भानूप्रताप गुप्ता जी
स्व. फूलचंद जैन जी
स्व. मनहरण लाल पाण्डेय जी
स्व. मुनिराम साहू जी
मा. श्री तोखन साहू जी
केंद्रीय राज्य मंत्री
भारत सरकार
मा. श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विधायक लोरमी
मा. श्री पुन्नूलाल मोहले जी
विधायक मुंगेली
पूर्व मंत्री छ.ग. शासन
मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक बिल्हा
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. शासन
श्रीकांत पाण्डेय
अध्यक्ष
जिला पंचायत मुंगेली
श्रीमती शांति देवचरण भास्कर
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत मुंगेली
रामकमल सिंह परिहार
अध्यक्ष
जनपद पंचायत मुंगेली
श्रीमती पुष्पलता पद्मनी मोहले
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत मुंगेली
श्रीमती वर्षा सिंह
अध्यक्ष
जनपद पंचायत लोरमी
राजेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत लोरमी
चित्रलेखा मनीष जांगड़े
अध्यक्ष
जनपद पंचायत पथरिया
दीपिका चंद्रशेखर कौशिक
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत पथरिया
जयप्रकाश मिश्रा
उपाध्यक्ष
न.पा.परिषद मुंगेली
सुजीत वर्मा
अध्यक्ष
नगर पंचायत लोरमी
डॉ. अशोक जायसवाल
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत लोरमी
रूपाली कश्यप
अध्यक्ष
नगर पंचायत जरहागांव
मनोज कश्यप
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत जरहागांव
नरेश पटेल
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरेला
शेख जैनूल
अध्यक्ष
नगर पंचायत पथरिया
हुलसी रघु वैष्णव
अध्यक्ष
नगर पंचायत पथरिया
मनोज पाण्डेय
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत पथरिया
परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सरगांव
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत
सरगांव
स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य, जिला मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं
सभी सदस्यगण, सभी मंडल के पदाधिकारी-सदस्य एवं जिला मुंगेली में निवासरत सभी ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता सादर आमंत्रित है...
स्थान- जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली, समय-दोपहर 3.30 बजे
दीनानाथ केशरवानी
जिलाध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी मुंगेली
निश्चल गुप्ता
महामंत्री-जिला भाजपा मुंगेली
गुरूमीत सलूजा
महामंत्री-जिला भाजपा मुंगेली
जिला भाजपा परिवार
जिला-मुंगेली
सौजन्य : जनपद पंचायत मुंगेली
संकलन - जयकुमार ताम्रकार
जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9303508230

## महागौरी के रूप में पूजा कर की गई सुख-समृद्धि की कामना, कन्याओं को भोजन करा कर दिया गया उपहार

बिलासपुर। शहर में चैत्र नवरात्रि का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों में शनिवार को अष्टमी तिथि पर देवी की सबसे शक्तिशाली रूप मां महागौरी के रूप में पूजा कर अठवाई चढ़ाई गई। मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा करने से धन और सुख-समृद्धि मिलती है। कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। नवरात्रि के दो दिन अष्टमी और नवमीं तिथि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता हैं। इस दिन मां दुर्गा की पूजा के साथ ही कन्या पूजन का भी विशेष महत्व रहता है, इसलिए कई लोगों ने अष्टमी पर कन्या भोजन भी कराया। सुहागन महिलाओं ने मां को सुहाग सामग्री चढ़ा कर सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगा। वहीं पूजा, दर्शन करने मंदिरों में श्रद्धालुओं की दिन भर भीड़ लगी रही और यह क्रम देर रात तक चलता रहा।

# महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में पूजन, कन्याभोज







## महाअष्टमी पर मंदिरों में रही भारी भीड़

महाअष्टमी पर लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार, मरीमाई मंदिर रेल्वे, सतबहनिया मंदिर बंधवापारा, दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, गायत्री शक्तिपीठ, गायत्री प्रज्ञापीठ सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। कई लोगों ने प्रसाद के रूप में अठवाई चढ़ा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कुछ महिलाओं ने भजन, कीर्तन कर देवी मां के प्रति आस्था जताई। रात्रि में सेवा गीत भी गाए गए। इससे पूरे दिन माहौल देवीमय बना रहा।

### पैदल यात्रियों को पिलाई गई शरबत



अग्रवाल महिला समिति ने सप्तमी के दिन रतनपुर महामाया मंदिर दर्शन करने वाले पैदल यात्रियों के लिए रतनपुर बायपास रोड में ठंडे पानी व शर्बत की व्यवस्था की। अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने बताया कि आरती के बाद ठंडे शर्बत का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया, कोषाध्यक्ष सीमा गर्ग, खुशबू बुधिया, मीडिया प्रभारी सीमा चौधरी, सहसचिव रेखा गोयल, प्रितू बुधिया मौजूद रही। सहयोग कु. आर्या, परी अग्रवाल का रहा।

### शीतला मंदिरों में भण्डारा, कन्या भोजन



महा अष्टमी पर शहर के शीतला मंदिरों में भण्डारा व कन्या भोजन का आयोजन किया गया। डीआईजी चौक स्थित श्री शीतला मंदिर में पुजारी पं. मनीष पाण्डेय के सानिध्य में माता शीतला की पूजा, आरती कर भण्डारा किया गया। भण्डारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। वहीं श्री सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर सिम्स परिसर में हवन, पूजन कर भण्डारा पुजारी गोपाल कृष्ण रामानुज के सानिध्य में किया गया।

### अग्रवाल महिलाओं ने किया सेवा कार्य



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई बिलासपुर की अध्यक्ष संध्या अग्रवाल के नेतृत्व में समिति की सदस्यों ने नवरात्रि पर स्लम एरिया जाकर वहां रह रहे जरूरतमंद बच्चों को चप्पल एवं जूस का वितरण किया। इस सेवा कार्य में संस्था की सक्रिय सदस्य सीमा जाजोदिया एवं सविता नौपानी का विशेष सहयोग रहा। संस्था की अध्यक्ष संध्या अग्रवाल ने बताया कि मंच का उद्देश्य केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों तक राहत पहुंचाना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समिति ने निर्णय लिया है।

### डूमार समाज ने बोया जवारा



डूमार समाज विकास समिति बापू उप नगर बिलासपुर द्वारा समाज के सभी लोग एक साथ मिलकर धूमधाम से नवरात्र का त्यौहार मना रहे हैं। इनके द्वारा जवारा भी बोया गया है। ज्योति कलश भी प्रज्जवलित है। समाज के अध्यक्ष सुजित बेरिया ने बताया कि नवरात्रि मनाने का यह सिलसिला लगभग 35 सालों से चले आ रहा है।

### पूजा कर अर्पित की गई श्रृंगार सामग्री



माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मंदिर एवं घर में अष्टमी पर मां दुर्गा की पूजा कर भोग लगाए एवं माता को श्रृंगार सामग्री अर्पित कर समाज व देश के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। कन्या पूजन कर उन्हें भोजन करवाया एवं उपयोगी सामग्री भेंट की। अंत में समाज की विनीता, अंजना, सुधा, ज्योति, किरण, नीता, ममता, पूजा, सरोज, शीला, नीलम, श्वेता, आभा, मंजू, सुजिता, सौम्या, ख्याती, दीपाली आदि सखियों ने पूजा कर माता रानी का आशीर्वाद लिया।

### 251 कन्याओं को कराया भोज



लोको शेड रेल्वे स्थित त्रिपुर सुंदरी मरीमाई मंदिर में दुर्गाष्टमी पर लायंस क्लब बिलासपुर ने मंदिर समिति के साथ मिल कर 251 कन्याओं को कन्या भोज कराया। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष डा राजकुमार खेत्रपाल, लायस क्लब अध्यक्ष शैलेष बाजपेयी, पीडीजी प्रीतपाल सिंह बाली, रीजन चेयर पर्सन अरविन्द दीक्षित, सुभाष अग्रवाल, जीएल जैन, बजरंग गोयल, शारदा बाजपेयी, ममता अग्रवाल, अरविन्द वर्मा उपस्थित रहे।

### वेंकटेश मंदिर से श्रीराम नवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

शहर की विगत 60 वर्षों से भी अधिक प्राचीन परम्परा के अनुरूप वेंकटेश मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह की आरती के पश्चात 9 बजे से भजन सेवा का कार्यक्रम होगा। ठीक 12 बजे भगवान के जन्मलग्न के समय महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात भक्तों को भोजन की सेवा दी जाएगी। शाम 4 बजे मंदिर परिसर से भवन श्री राम की भव्य झांकी शहर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी। शोभायात्रा में मुख्य झांकी भगवान श्री रामचंद्र, माता सीता और चारों भईया के साथ नगर भ्रमण को निकलेंगे। साथ ही राम लक्ष्मण जी की यज्ञ रक्षा करते हुए झांकी, गोस्वामी तुलसीदास जी, अयोध्या के रामलला, नवदुर्गा की झांकी को सम्मिलित की गई है। वीरांगनाओं द्वारा झांकियों के सम्मुख शौर्य प्रदर्शन किया जाएगा।

### 71 कन्याओं को कराया गया भोज



सिरगिट्टी स्थित नवीन प्राथमिक शाला में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि को कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 71 कन्याओं के पैर धोकर तथा कुमकुम तिलक लगाकर व लाल चुनरी देकर पूजन किया गया। शिक्षकों ने कन्याओं को पुरस्कार प्रदान किया।

### बच्चों ने किया सुंदरकांड का पाठ



महर्षि विद्या मंदिर राजेंद्र नगर में सुंदर कांड का पाठ किया गया। इसमें भजन मंडली के साथ विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं ने भी सुंदर कांड का पठन किया। राम दरबार और श्री हनुमानजी की प्रतिमा की पूजा कर आरती की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### कन्या भोज एवं भजन संग्रह पुस्तक का विमोचन



मां कर्मा महिला मंडल वैश्य साहू समाज के तत्वाधान में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर समाज की छोटी कन्याओं को कन्या भोज कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन गोड़पारा स्थित वैश्य साहू समाज भवन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय रजनी देवी सुखदेव प्रसाद साहू के द्वारा रचित भजन संग्रह पुस्तक का विंध्यवासिनी साहू, उमाकांत साहू, रचना दत्त साहू ने विमोचन किया, जिसकी संकलनकर्ता श्रीमती राजेश दत्त साहू है।

### काली मंदिर में हवन

काली मंदिर तिफरा में हवन कर आहूतियां दी गई। मंदिर के पुजारी पं. भवानी दास महराज ने बताया कि नवरात्रि के समय काली मंदिर में वैसे तो हर दिन कन्या भोजन कराया जाता है, पर कन्या भोजन का मुख्य कार्यक्रम रविवार 6 अप्रैल नवमीं तिथि को दोपहर 12 बजे है। इसमें 301 कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अष्टमी होने के कारण श्रद्धालुओं का दिन भर आना-जाना लगा रहा।

### बंगाली समाज ने की अन्नकूट पूजा

बंगाली समाज ने अष्टमी पर शनिवार को दोपहर में अन्नकूट पूजा की। इसके पहले भक्तों ने हाथ में फूल, बेल व तुलसी पत्ती, दुबी, चंदन लेकर मां का मंत्र पढ़ते हुए पुष्पांजलि दी। रात को 11 बजे संधि पूजा की गई। इस पूजा में शामिल होने वाले लोगों ने निर्जला व्रत भी रखा।



## जीवन में उपासना का है बड़ा महत्व : पाण्डेय



श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन, श्रृंगार महागौरी देवी के रूप में किया गया। इसके बाद कन्या भोजन कराया गया। रविवार नवमीं तिथि को श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के समापन के साथ ही भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वही देवता का निवास होता है। कर्म ही सर्वोपरि है। हमारे जीवन में उपासना का अत्यधिक महत्व है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में भगवान की उपासना करनी चाहिए। देवी को मां-मां कहने से लोक-परलोक में समृद्धि, सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं कथा मंडप से कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी राजपुरोहित कटघोरा ने देवर्षि नारद और पर्वत मुनि द्वारा एक-दूसरे को शाप देने, राजकुमारी दमयन्ती का नारद से विवाह करने का निश्चय, वानरमुख नारद से दमयन्ती का विवाह, नारद-पर्वत का परस्पर शापमोचन, राजा तालध्वज का उनसे प्रणय-निवेदन करने, राजा जनमेजय से भगवती की महिमा का वर्णन आदि प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया।



## खबर संक्षेप

### अखंड नवधा रामायण का समापन 11 को



**लखराम।** महिला मानस मंडली द्वारा अखंड नवधा रामायण के प्रथम वर्ष एवं भगवान श्री राम चरित मानस का आयोजन 31 मार्च को से किया जा रहा है। 31 मार्च को कलश यात्रा का साथ नवधा रामायण की शुरुआत की गई। नवधा रामायण कार्यक्रम के कथावाचक आचार्य पंडित भगवत प्रसाद हैं। 11 अप्रैल को हवन, सहत्राधारा, कन्या भोज एवं चढ़ोत्री के साथ आयोजन का समापन होगा।

### झांसा देकर महिला ने की 55 हजार की ठगी

**मोपका।** क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई है कि मोपका राशन दुकान के पास रहने वाली महिला रुक्मणी साहू पति भागीरथी साहू ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर 11 महिलाओं का समूह बनाकर सभी से 5-5 हजार रुपए जमा कराया। साथ ही उसने महिलाओं का आधार कार्ड भी ले लिया। रुक्मणी साहू ने उन महिलाओं को अपनी दुकान दिखाकर झांसे ले लिया, एवं 11 महिलाओं से कुल 55 हजार जमा कर लिया। पैसा लेने के बाद वह महिलाओं को एक-दो दिन में लोन मिलने की बात कहकर झूठ बोलती रही। कुछ दिनों बाद जब महिलाओं को जानकारी मिली कि रुक्मणी साहू उनकी राशि लेकर फरार हो गई है तो उन्होंने इसकी शिकायत मोपका चौकी में की।

### पेयजल संकट से लोग परेशान, हैंडपंप, बोर खराब

**मोपका।** मोपका क्षेत्र में इन दिनों पेयजल की समस्या से सभी मोहल्ले के लोग परेशान हैं। खाल्हे पारा मोहल्ले के दो हैंडपंप बिगड़े हुए हैं, वही प्रायमरी स्कूल के पास का हैंडपंप भी खराब हो गया है। जुडावन कुर्रे के घर से डहरिया किराना दुकान तक सड़क के किनारे लगी पाइप लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थिति ऐसी है कि 4 सौ फीट दूरी तक नई पाइप लाइन लगने के बाद पानी की सप्लाई शुरू हो सकेगी। इसी प्रकार जनपद प्राथमिक शाला से लेकर गुड्डी चौक तक 4 सौ 50 फीट पाइप की आवश्यकता है। साथ ही नया तालाब में जो बोर लगा है उसमें भी 60 फीट पाइप लगने पर ही तब पानी की सप्लाई शुरू हो सकेगी। तालाब का पानी पूरी तरह से गंदा हो चुका है, जिसकी पर बार-बार जानकारी देने पर भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। हरिश्चंद्र श्रीवास के घर के सामने लगा बोर भी खराब हो चुका है एवं टैंकरों से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। पार्षद मोहन श्रीवास ने बताया कि हम सभी जगह आवेदन देकर थक चुके हैं।

## निधन

### सुरेंद्र घाडगे



**बिलासपुर।** बिलासपुर निवासी सुरेंद्र घाडगे पिता स्व. गोपाल राव घाडगे का 4 अप्रैल को रायपुर में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर रायपुर में 5 अप्रैल की सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे स्व. कृष्ण राव, पुरुषोत्तम राव, अरुण घाडगे के भाई, रमा घाडगे के पति, आस्था शिंदे, डा. शिल्पी व अश्विन के पिता थे।

### तोखन ने मां महामाया मंदिर में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

# ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करती है श्रीमद् भागवत कथा: तोखन



श्रीमद् भागवत कथा में शामिल तोखन साहू।



कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाअष्टमी के पावन अवसर पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धाभाव के साथ मां महामाया के चरणों में माथा टेका और देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। छत्तीसगढ़ की आस्था और शक्ति का प्रतीक मां महामाया दरबार में पूजा-अर्चना कर श्री साहू ने नवरात्रि के पर्व पर जनकल्याण की कामना करते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। इसके उपरांत श्री साहू तखतपुर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव राजू क्षत्रीय के निवास पर पहुंचे। श्री साहू यहां आयोजित देवी भागवत कथा में शामिल हुए एवं सत्संग का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह दिन भक्ति, सेवा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक रहा, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है।

### चैत्र नवरात्रि में देवी भागवत का आयोजन महापुण्य कार्यः त्रिलोक

**बिलासपुर।** नवरात्रि का पर्व शक्ति का आराधना का आस्था का पर्व है, जब पुरुषों का अहंकार हार जाता है तो मातृशक्ति ब्रह्मांड एवं मानवता को बचाने के लिए अवतरित होती है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है, सनातन धर्म में दो रात्रि का विशेष महत्व है, एक महाशिवरात्रि और दूसरा नवरात्रि। एक जगत के पिता एवं दूसरी जगत की माता हैं। नवरात्रि के अवसर पर आप सभी श्रद्धालुओं द्वारा किया गया श्रीमद देवी भागवत पुराण का आयोजन महापुण्य कार्य है। इसके लिए मैं आप सभी को साधुवाद व्यक्त करता हूं। साथ ही जगत जननी मां महामाया से विनती करता हूं कि आपके सभी मनोकामना पूर्ण करें। उक्त बातें जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने बेलतरा के ग्राम सिंघरी, लखराम, पौसरा, लगरा आदि गांवों में नवरात्रि पर आयोजित देवी भागवत कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास के साथ केशव साहू, चरण सिंह राज, पंडित जितेंद्र शर्मा, अनिल सिंह ठाकुर, आयुष सिंह, राज, पवन सिंह ठाकुर, रवि बघेल, कान्हा सूर्यवंशी, जुगनू कौशिक, भगवत सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश श्रीवास, मुखराम बिरजे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश साहू, पिंटू साहू सहित दर्जनों लोग एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। त्रिलोक श्रीवास के ग्राम आगमन पर आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की ओर से आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। साथ ही एवं शाल व श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।





कार्यक्रम में शामिल धरमलाल कौशिक, भूपेन्द्र सवन्नी व अन्य।

# क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी के नगर आगमन पर स्वागत

**बिल्हा-बोदरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर बिल्हा के लोगों ने उनका आतिशबाजी कर फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सरगांव से बोदरी, बिल्हा तक बाइक रैली निकाल कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भूपेंद्र सवन्नी के साथ बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं डॉ देवेंद्र कौशिक भी मौजूद थे। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने सवन्नी का स्वागत किया गया। स्वागत करने के लिए मुख्य रूप से विष्णु बिंदल, सतीश शर्मा, मनोज वर्मा, बलदेव अग्रवाल, राजेन्द्र डहरिया, बृजभूषण वर्मा, केतन वर्मा, पुनीता डहरिया, वंदना जेंडरे, धनेश्वरी डहरिया, नंदिनी छतरी, विश्वास मानिकपुरी, हरि साहू, उमाशंकर जायसवाल, इंद्रजीत छत्रीय, सोमेश तिवारी, अशोक कौशिक, अभय अग्रवाल, कमल ठाकुर, महेश मखीजा, दिनेश राजपूत, अश्वनी साहू, राजू रनवाणी, अंकिता यादव आदि उपस्थित थे।

स्वागत के बाद सवन्नी का काफिला समारोह स्थल रानी सती दादी मंदिर पहुंचा एवं उन्होंने मंदिर जाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान सवन्नी ने विष्णुदेव सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व दिया गया है, उसे मैं पूरा ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा करूंगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर घर का बिजली बिल शून्य करने की योजना सोलर ऊर्जा का लाभ प्रदेश के साथ साथ बिल्हा क्षेत्र के लोगों को भी मिल सके, इस हेतु प्रयास करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि पहले आप लोगों ने हमें विधानसभा चुनाव जीता कर बिल्हा का मिथक को तोड़ दिया, फिर लोकसभा चुनाव एवं इसके बाद फिर पंचायत चुनाव में विजयी दिलवाई एवं भारतीय जनता पार्टी का मान बढ़ाया। अब पार्टी क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर है। बिल्हा क्षेत्र के लाडले भूपेंद्र सवन्नी को अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा की यह सरकार बिल्हा विधानसभा में नई विकास का आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम को युवा उधोगपति नरेश अग्रवाल, सिख समाज के वरिष्ठ जोगेंद्र सिंह सलूजा व बिल्हा नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रकाश बिंदल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर से विष्णु बिंदल, सतीश शर्मा, मनोज वर्मा, बलदेव अग्रवाल, राजेन्द्र डहरिया, बृजभूषण वर्मा, केतन वर्मा, पुनीता डहरिया, वंदना जेंडरे, धनेश्वरी डहरिया, नंदिनी छतरी, विश्वास मानिकपुरी, हरि साहू, उमाशंकर जायसवाल, इंद्रजीत छत्रीय, सोमेश तिवारी, अशोक कौशिक, अभय अग्रवाल, कमल ठाकुर, महेश मखीजा, दिनेश राजपूत, अश्वनी साहू, राजू रनवाणी, अंकिता यादव सहित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, भाजपा के मंडल अध्यक्ष,नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पेड़ से टकराया पिकअप, 1 की मौत, 6 घायल

**लोरमी।** चौथिया से वापस घर लौट रहे लोगों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। घटना में एक लड़की की मौत हो गई, वहीं लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें से 6 गंभीर रुप से घायल बताए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम सरई पतेरा निवासी साहू परिवार के 16 लोग पिकअप क्रमांक सीजी 28 जे 9759 में सवार होकर शुक्रवार की रात 12.30 बजे चौथिया लेकर घोरपुरा से वापस अपने घर सरई पतेरा लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सारधा मुख्य नहर के पास चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया एवं पिकअप पेड़ से टकराकर पलट गई। घटना की सूचना पर लोरमी थाना प्रभारी



अखिलेष वैष्णव टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे एवं घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ में भर्ती कराया गया। हादसे में पिकअप सवार अन्नपूर्णा साहू पिता रामनाथ उम्र 20 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई एवं 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घयलों को प्रथमिक उपचार के बाद रात में ही बिलासपुर रेफर किया गया। वहीं 6 लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लोरमी में किया जा रहा है। गंभीर रुप से घायलों में गयाराम साहू पिता हरी राम साहू 18 वर्ष, पूजा साहु पिता तीतरा उम्र 14 वर्ष, महारानी साहू पिता रामनाथ उम्र 17 वर्ष, दूज राम साहू पिता जनी राम 25वर्ष , मुन्ना साहू पिता दुखी राम साहू उम्र 24वर्ष , स्वाती पिता मनोहर उम्र 50 वर्ष, इन्हे बिलासपुर रेफर किया गया है। ड्राईवर सोहन पिता भरत उम्र 25 वर्ष को मामूली चोट आई है। लोरमी पुलिस ने 194 के तहत मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# पेंड्रीडीह बायपास से बेजा कब्जा हटाया गया

**बोदरी।** हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका के पालन में कलेक्टर के निर्देशानुसार रायपुर रोड पर पेंड्रीडीह बायपास के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 26 व्यक्तियों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया। नायब तहसीलदार ओमप्रकाश चंद्रवंशी की टीम ने शनिवार को पुलिस टीम के



साथ सुबह 10 बजे से पेंड्रीडीह बायपास पास पहुंची, जहां पर अलग अलग कुल 26 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। लोगों ने सड़क मद और घास भूमि पर बेजा कब्जा कर दुकान, मकान और ठेला लगा लिया था, जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई। बेजा कब्जा करने वालों में पुरुषोत्तम, सुधाराम, महेश साहू, कृष्ण कुमार, सुल्तान, रामप्यारी, मिलउराम, हसन अंसारी, कन्हैयालाल, मनीष गढ़वाल, रामप्रसाद, दसरू पाल, राहुल नाग, संजू सिंह, तितरा, राजू, अशोक श्रीवास, प्रताप, कुंज बिहारी, नरेंद्र कुमार, धनीराम साहू, दुकालू और प्रेम साहू शामिल हैं। कार्रवाई में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, एनएचएआई एवं स्थानीय पंचायत की टीम उपस्थित थी।

# मकान में घुसकर लैपटॉप व नकद की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बिल्हा।** बिल्हा निवासी रूपेश शर्मा ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उसके घर की आलमारी से लैपटॉप व नकद रकम की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर बिल्हा पुलिस ने एसपी को घटना से अवगत कराया एवं उनके दिशा-निर्देश कर टीम गठित कर संदेहियों पर नजर रखने गई। इसी क्रम मे 5 अप्रैल को फारेन्सिक टीम की मदद से संदेही आनंद राठौर को थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की



गई। पूछताछ में उसने अपने नाबलिग साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी रूपेश शर्मा के घर में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर विधि से संघर्षरत बालकों से पूछताछ कर घटना मे प्रयुक्त पेचकस, प्लास, छिनी, पाईप व घटना स्थल के पास से लैपटाप एवं नकदी 3 हजार 5 सौ रूपए व आरोपी से नकद 14 हजार 4 सौ रूपए जब्त किया गया। मामले के आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा (1) श्रीमती कौशल्या देवी कहार पिता स्व. रामवतार कहार (पति जमुना प्रसाद कहार) निवासी मंगला बिलासपुर, (2) श्री सरजू सरन कहार पिता स्व. रामवतार कहार निवासी सराय दान शाह कतरोली पूरे दुर्ग फूलपुर जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश से इनके पिता स्व. रामावतार पिता बिसावन के नाम की भूमि मौजा लोखण्डी म.नं. 1, प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. व तह. सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि का खसरा नम्बर 88 रकबा 0.9910 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

भवदीय
(1) राजेन्द्र श्रीवास
पिता स्व. दिलीप श्रीवास
मो. 9827966496
(2) हेमंत देवांगन
पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद देवांगन
दोनों निवासी कुदुदंड बिलासपुर
मो. 9981819681

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 05/04/2025

प्रति, 1. खेलाराम वगैरह (आवेदक) 2. श्यामलाल कौशिक 3. केजऊ कौशिक 4. बिहारी कौशिक 5. मुरारी कौशिक 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:-न्याया.तह./अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक/ ना. तह./ वा./ 2023-24, दिनांक 20.01.2025

ग्राम बेलमुंडी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 391/2, 394, 397/5 रकबा क्रमशः 675, 0.186, 0.685 हेक्ट. के सीमांकन हेतु खेलावन वगैरह पिता/ पति रामरतन निवासी बेलमुंडी द्वारा न्यायालय तह./ अति. तह./ नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10.04.2025 को 11.00 से 5.00 बजे को किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

टीपः आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक, अमसेना

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 05/04/2025

प्रति, 1. कामता प्रसाद (आवेदक) 2. खेलावन कौशिक 3. श्यामलाल कौशिक 4. केजऊ कौशिक 5. बिहारी एवं मुरारी कौशिक 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ:-न्याया.तह./अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक/ ना. तह./ वा./ 2023-24, दिनांक 20.01.2025

ग्राम बेलमुंडी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 397/1 रकबा क्रमशः 0.688 हेक्ट. के सीमांकन हेतु कामता प्रसाद वगैरह पिता/ पति राधेश्याम कौशिक निवासी बेलमुंडी द्वारा न्यायालय तह./ अति. तह./ नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10.04.2025 को 11.00 से 5.00 बजे को किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

टीपः आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक, अमसेना

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.न. - 008 रा.नि. म.मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 3/2 रकबा 0.2020 हेक्टेयर भूमि भूमि स्वामी जलकुंवर पटेल पति माधव पटेल ग्राम खपरी, लिमतरा, दर्रिघाट बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित कराएगा।

अतः इस सौदे से अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी भी किस्म की कोई आपत्ति या दावा रखते हो तो वे अपनी आपत्ति या दावा, सूचना प्रकाशन के सात दिवस की अवधि में मेरे समक्ष मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है, अवधि गुजर जाने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा वर्णित संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा ली जावेगी, उसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य मानी जाएगी।

सो सुचना जाने।
स्थान- बिलासपुर
दिनांक : 05/04/2025

भवदीय
ऐश्वर्य पांडेय अधिवक्ता
पता- ओम जोन गेट के निकट मंगला चौक बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न.+91-8319433844
मो.न.+91-9111092229

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.न.-08 रा.नि.म. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 3/3 रकबा 0.2020 हेक्टेयर भूमि भूमि स्वामी रवि पटेल पिता अमृत लाल पटेल ग्राम-खपरी, लिमतरा, दर्रिघाट बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित कराएगा।

अतः इस सौदे से अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी भी किस्म की कोई आपत्ति या दावा रखते हो तो वे अपनी आपत्ति या दावा, सूचना प्रकाशन के सात दिवस की अवधि में मेरे समक्ष मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है, अवधि गुजर जाने के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा वर्णित संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में करा ली जावेगी, उसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य मानी जाएगी।

सो सुचना जाने।
स्थान- बिलासपुर
दिनांक : 05/04/2025

भवदीय
ऐश्वर्य पांडेय अधिवक्ता
पता- ओम जोन गेट के निकट मंगला चौक बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न.+91-8319433844
मो.न.+91-9111092229

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./अ-6-अ/2024-25
ग्राम- पेण्डारी तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैतराम साहू, पिता स्व. मेलऊराम साहू, ग्राम-पेण्डारी, तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम पेण्डारी, पहनं 47 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 928/5 रकबा 0.05 एकड़ भूमि आपसी बंटवारा के माध्यम से आवेदक चैतराम साहू के नाम पर दर्ज कर ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन में दर्ज नहीं है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने संबंधी आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 21/4/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 03/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल बेलतरा/नगोई तहसील बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

-: सूचना :-

क्र./ /तह./रा.नि./सीमा./2025
बेलतरा, दिनांक 03/04/2025

प्रति. 1. ओमप्रकाश महेश्वरी पिता अयोध्या प्रसाद 2. संतोष कुमार पटेल 3. मुक्कू (समीर) शास्त्री की भूमिका 4. रामानंद पटेल 5. रामाधार यादव 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार ग्राम नगोई

विषय:- सीमांकन/बांकन/स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार बेलतरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/बेलतरा, दिनांक

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक ओमप्रकाश, संतोष कुमार पटेल निवासी नगोई द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम नगोई प.ह.न. 17 म.नं. रा.नि.म. नगोई, तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 327/1, 327/2 रकबा 0.0080 0.0080 हेक्टेयर भूमि का स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बेलतरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बेलतरा के परिपालन में दिनांक 07/04/25 को समय दोपहर 02 बजे से किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

राजस्व निरीक्षक बेलतरा
तहसील बेलतरा





5 APRIL- BSP-PG-7_Layout 1 4/6/2025 12:32 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### भाजपा के स्थापना दिवस पर तोखन होंगे शामिल

**बिलासपुर।** 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे पार्टी का झंडा फहराकर किया जाएगा। साथ ही गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस पर केन्द्रीय राज्य सहित बीजेपी के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल एवं शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से केन्द्रीय राज्य मंत्री व बिलासपुर सांसद तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा आयोग के अध्यक्ष उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी सवन्नी, छग पाठ्य पुस्तक निगम आयोग अध्यक्ष राजा पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### जूडो खिलाड़ी श्वेता का गोवा साई में हुआ चयन

**बिलासपुर** जिला जूडो संघ की जूडो खिलाड़ी श्वेता गोस्वामी का साई (स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) गोवा में चयन हुआ।



श्वेता ने 2020 में जूडो खेलना शुरू किया था, उसके कुछ महीने बाद 2020 में ही कोरोना के कारण उसकी मां का देहांत हो गया और उसके कुछ समय बाद में उनके पिता भी नहीं रहे। इतनी कठिन परिस्थितियों में भी बिलासपुर जिला जूडो संघ के सचिव राजकुमार जायसवाल ने अपने परिवार की तरह उन्हें सम्हाला और हर पल उनका साथ दिया। श्वेता की 4 बहने हैं, जिनमें 3 बहन जूडो के लिए समर्पित है। कड़ी मेहनत करते हुए स्वेता ने स्टेट लेवल में 3 गोल्ड मेडल जीते और 3 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया। जिसमें पहला जालंधर पंजाब, दूसरा गुजरात और तीसरा हाल ही में कैडेट जूडो प्रतियोगिता जो पुणे में आयोजित हुई थी, वहां प्रथम कांस्य पदक प्राप्त किया।

# अयोध्या के लिए रवाना हुआ 1008 रामभक्तों का जत्था

- पुलिस मैदान में संत-महात्माओं सहित केंद्रीय मंत्री ने दी शुभकामनाएं

**बिलासपुर।** चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि पर 5 अप्रैल को बिलासपुर के पुलिस मैदान से प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए 1008 श्रद्धालुओं का विशाल जत्था रवाना हुआ। जत्थे के हर श्रद्धालु भगवा वस्त्र, तिलक और पटका धारण किए हुए प्रभु के नाम का स्मरण करता दिखा। दोपहर दो बजे जैसे ही मंच से महाआरती की गई पूरा परिसर 'जय श्रीराम' के उद्‌घोष से गूंज उठा। मंच पर परम बाबा आश्रम के महंत श्री श्री 1008 त्यागी प्रेमदास महाराज, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी एवं यात्रा संयोजक प्रवीणा झा सहित अन्य विशिष्टजन मौजूद थे।



पहली सीट पर विराजे हनुमान।



बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि।



पूजा-अर्चना करते केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, संयोजक प्रवीण झा व अन्य।

### प्रभु श्री राम से सच्ची श्रद्धा और सेवा से जुड़ने का संदेश

परम बाबा आश्रम के महंत श्री श्री 1008 त्यागी प्रेमदास महाराज ने आशीर्वचन देते हुए यात्रियों को प्रभु श्री राम से सच्ची श्रद्धा और सेवा की भावना के साथ जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल शारीरिक नहीं, आत्मिक यात्रा है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नारायण नामदेव, प्रदीप शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, सभापति विनोद सोनी आदि उपस्थित रहे। सिविल लाइन पुलिस मैदान से 21 एसी बसों में रवाना हुए इस जत्थे के हर पहलू पर बारीकी से ध्यान रखा गया। हर बस में एक टीम लीडर और पांच स्वयंसेवकों की टोली तैनात रही। एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों की टीम यात्रा के साथ रवाना हुई। सभी यात्रियों को सुबह से ही आईडी कार्ड, भगवा पटका, जल, प्रसाद और यात्रा सामग्री वितरित की गई। यात्रियों के स्वागत के लिए मंच को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

### हर बस में स्वयंसेवक

इस यात्रा में स्वयंसेवक रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, त्रिभुवन सिंह, एके कंठ, रिंकू मित्रा, मुकेश झा, हरिशंकर कुशवाहा, सागर साहू, सनद पटेल, संतोष सिंह, संतोष चौहान, अभिषेक साहू, संजय द्विवेदी, सन्नी गिरी, जयदीप घोष, चंद्रकिशोर प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह, शुभम राय, अशोक पाण्डेय, सूरज कौशिक, अजित पंडित, उचित सूद, राकेश राय, वैनकट नायडू, राजीव अग्रवाल, निभा दास, भाग्य लक्ष्मी, निहारिका त्रिपाठी, नितीन श्रीवास्तव, राजकुमार जैसवानी, योगेश बोले, रुपेश कुशवाहा शामिल हैं।

### हनुमान की आराधना संग शुरुआत

बस में सबसे पहले पवनपुत्र हनुमान की प्रतिमा को आरक्षित सीट पर विराजित किया गया। उनका स्वागत विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। आयोजन समिति के सदस्य रौशन सिंह ने बताया कि यात्रा की आत्मा ही हनुमान जी हैं, जो भक्तों के रक्षक और पथ प्रदर्शक बनेंगे।

### अमर ने दी शुभकामनाएं

शहर विधायक अमर अगवाल ने कहा कि यह बिलासपुर के लिए हर्ष का विषय हैं कि शानदार दूसरा वर्ष शहर एवं अपनों के बीच के रामभक्त के द्वारा यह पुनीत कार्य किया जा रहा है उसके लिए पूरे आयोजन समिति सहित सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी।

### सेवा व श्रद्धा की यात्रा : झा

यात्रा संयोजक प्रवीण झा ने कहा रामनवमी के इस पावन अवसर पर यह यात्रा न सिर्फ श्रद्धा, बल्कि सेवा और व्यवस्था का प्रतीक है। हमारी टीम ने महीनों की मेहनत से इसे साकार किया है। भक्तों को सम्मान, सुरक्षा और आस्था के साथ अयोध्या पहुंचाना हमारा उद्देश्य है।

# टिकट दिलाने वाले नेता जिताने की लें जिम्मेदारी

- कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** लोकसभा या विधानसभा के अलावा स्थानीय निकाय के चुनाव में जो नेता अपने समर्थकों को टिकट दिलाते हैं, ऐसे उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी भी उनकी ही होनी चाहिए। टिकट बंटवारे में जब वे अपने कोटे से अधिकारपूर्वक समर्थकों के लिए टिकट मांगता है तो जिताने की जिम्मेदारी भी उनकी होनी चाहिए।

ये बातें दिल्ली में कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रभारी महामंत्री केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेश के जिला अध्यक्षों की 3 अप्रैल को हुई बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कही। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी के अलावा शहर अध्यक्ष विजय पांडेय को अपनी बात रखने का मौका मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन स्तर पर दी जानी चाहिए। अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ता या नेता को मैदान से हटाने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समझाइश के बाद भी बगावत करने वालों के लिए पार्टी का दरवाजा हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर देना चाहिए। चाहे वह कितना बड़ा नेता क्यों न हो। पार्टी अनुशासन से बड़ा कोई नहीं होना चाहिए। जिलाध्यक्षों ने इस पर फोकस किया कि देश के सात राज्यों के जिलाध्यक्षों की मिटिंग में राहुल गांधी सहित दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में संगठनात्मक विषयों के अलावा जिलाध्यक्षों के अधिकार और अनुशासन पर गहन मंथन किया गया। जिलाध्यक्षों को संगठन की मजबूती के अलावा जिलाध्यक्षों को अधिकार संपन्न बनाने पर जोर दिया। संगठनात्क परिचर्चा दौरान ब्लाक, जोन और बूथ को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने और कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। मतदाता सूची बनाने के काम में संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं पर भरोसा करने और सूची में कांग्रेस परिवार के सदस्यों के अलावा पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने वाले परिवार और लोगों के नाम को शामिल कराने पर जोर दिया।

### संगठन पर की गई अनर्गल टिप्पणी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने नगरीय निकाय चुनाव दौरान और बाद की घटनाओं को लेकर एमआईसीसी के महासचिव वेणुगोपाल से लिखित में शिकायत दर्ज कराई और विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। निगम चुनाव बाद संगठन को लेकर अनर्गल टिप्पणी की गई। ऐसा कर संगठन को कमजोर करने की कोशिश की गई। इसके अलावा अध्यक्षों ने सुझाव दिया कि पार्टी लाइन से बाहर जाने वालों के लिए कड़े अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने वालों के खिलाफ अनिवार्य रूप से निष्कासन की कार्रवाई होनी चाहिए। कार्रवाई दौरान जो समय सीमा तय की जाती है उसके पहले वापसी नहीं होनी चाहिए।

# सीवीआरयू में कोडिंग क्लब की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में कोडिंग क्लब की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य कंप्यूटर कोडिंग से विद्यार्थियों को जोड़ना, टेक्नोफेस्ट का आयोजन करना सहित तकनीक से जुड़कर रोजगार के अवसर युवाओं के सामने खोलना है। इस क्लब की स्थापना फैकल्टी ऑफ आईटी, कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। यह क्लब विद्यार्थियों द्वारा संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि पूरी दुनिया में भारतीयों के माइंड का बोलबाला है, उसका कारण यह है कि भारतीय शिक्षा पद्धति में बौद्धिक क्षमता को लगातार बढ़ाया जाता है। कोडिंग के माध्यम से स्किल को विद्यार्थी और भी मजबूत कर सकेंगे। उन्होंने इस स्थापना पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय की डीन अकैडमीक डॉ. जयति चटर्जी मित्र ने कहा कि कोडिंग करने वाला युवा भी वास्तविक रूप में एक कलाकार होता है और उसके दिमाग में सबसे पहले कोडिंग ही होती है। कार्यक्रम में डॉ. आयुष अग्रवाल, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, डॉ. अभिनव शुक्ला उपस्थित थे।

### रोजगार की संभावना तलाशना है उद्देश्य

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि इस क्लब की स्थापना का उद्देश्य तकनीक के महत्वपूर्ण पहलू में रोजगार की संभावनाओं को युवाओं के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि इसके एक कदम आगे का कदम भी आईडीबीआई के रूप में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित है।



5 APRIL- BSP-PG-8_Layout 1 4/6/2025 12:30 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन करते 20 ट्रैक्टर और हाइवा जब्त

**बिलासपुर।** खनिज विभाग ने कोटा, रतनपुर और हिर्री इलाके में अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले 20 ट्रैक्टर और हाईवा को जब्त किया है। अधिकारियों के मुताबिक अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सेलर, पोंसरा, रतनपुर, बेलगहना, पेंड्रापथरा, रतखंडी, करही कच्छार, शक्तिबहरा, छतौना, केंदा, सोढा खुर्द, चकरभाटा और हिर्री समेत अन्य क्षेत्रों में खनिज विभाग की टीम ने दबिश दी। इस दौरान बिना वैध पास के रेत और गिट्टी का परिवहन करते पाए जाने पर वाहनों को जब्त किया गया। वाहनों में सेलर क्षेत्र से एक ट्रैक्टर, दारसागर से एक हाईवा और एक ट्रैक्टर, करही कच्छार से 4 ट्रैक्टर, शक्तिबहरा से 6 ट्रैक्टर, बेलगहना से 5 ट्रैक्टर, चकरभाटा से एक ट्रैक्टर और हिर्री से एक हाईवा शामिल हैं। इन वाहनों को खनिज नियमों के तहत जब्त कर संबंधित थानों कोटा, बेलगहना, रतनपुर, चकरभाटा, हिर्री और पुलिस सहायता केंद्र केंदा में रखा गया है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, लिंगियाडीह श्यामनगर निवासी सुलोचनी देवांगन पति अंकित देवांगन 24 साल की दो साल पहले शादी हुई थी और उनकी 14 माह की बच्ची है। उनके पति आटो पार्टस की दुकान चलाते हैं। शनिवार की सुबह सुलोचनी चाय नाश्ता बनाने के बाद नहाने के लिए अपने रूम में चली गई। काफी समय तक बाहर नहीं निकली तो घरवालों ने आवाज लगाई। काफी मशक्कत के बाद घरवाले दरवाजा खोलकर अंदर गए तो उनकी फांसी पर लटकी लाश मिली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### 1500 स्टूडेंट ने लाइब्रेरी में हो रही समस्याओं की शिकायत की

# सेंट्रल लाइब्रेरी ठेका कंपनी के हवाले 1500 छात्रों से मनमानी फीस वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- फीस कम किए जाने की मांग

सेंट्रल लाइब्रेरी में फीस का विवाद एक बार फिर उठ रहा है। यहां के करीब 1500 स्टूडेंट ने लाइब्रेरी में हो रही समस्याओं के साथ ही फीस कम किए जाने की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव और निगम कमिश्नर अमित कुमार से शिकायत की है। इनका कहना है कि लाइब्रेरी का संचालन एक ठेका कंपनी को दे दिया गया है। यह मनमाना फीस वसूल रही है। लाइब्रेरी का शुल्क 500 से 700 कर दिया गया है। यही नहीं एक दिन की भी देरी पर विलंब शुल्क ले लिया जाता है। इस विलंब शुल्क ठेका कंपनी का एक स्टाफ अपने पर्सनल एकाउंट में लेता है और इसकी रसीद भी नहीं दी जाती। खास बात कि रायपुर स्थित लाइब्रेरी नालंदा तक्षशिला का संचालन 24 घंटे होता है और उसकी फीस 500 रुपए है तो सेंट्रल लाइब्रेरी रायपुर की फीस 200 रुपए है और वहां लाइब्रेरी 24 घंटे खुली रहती है। बिलासपुर में लेकिन सेंट्रल लाइब्रेरी की फीस सबसे अधिक 700 रुपए है और केवल 14 घंटे खुलता है जबकि सोमवार को हॉप डे रखा जाता है। नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी 7 करोड़



में बनी है। एक शानदार कारपोरेट आफिस की तरह बने इस लाइब्रेरी में फिलहाल 1500 से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन है। फीस को लेकर पहले भी आंदोलन हुआ है। आठ महीने पहले भी छात्रों ने फीस बढ़ोतरी के खिलाफ मोर्चा खोला था और नाराजगी जाहिर करते हुए लाइब्रेरी के गेट के सामने जमीन पर बैठ गए थे। अब एक बार फिर सुविधाओं और फीस को लेकर यहां के छात्र आक्रोशित हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने फीस वृद्धि को अनुचित बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

छात्रों के मुताबिक लाइब्रेरी का शुल्क 500 से 700 रुपए कर दिया गया है। यही नहीं द्वितीय तल की सदस्य संख्या अधिकतम सीमा से कम है फिर भी अतिरिक्त राशि प्राप्ति के लिए केवल प्रथम तल (सदस्यता शुल्क 700) में ही प्रवेश दिया जा रहा है।

### कंप्यूटर, और वाई-फाई जैसी सुविधाएं भी दुरुस्त नहीं

यहां पढ़ रहे 280 से अधिक स्टूडेंट ने एक शिकायत पत्र तैयार करते हुए उसमें साइन किया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ जल की उपलब्धता ना होने के कारण हमारे कई साथी गंदा पानी पीकर बीमार भी हो चुके हैं। इसके अलावा, लाइब्रेरी में एसी, पंखे, कंप्यूटर, और वाई-फाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी दुरुस्त नहीं हैं। हमने इस संबंध में लाइब्रेरी प्रशासन को कई बार शिकायत की है, लेकिन हमारी समस्याओं को बार बार नजरअंदाज किया जाता रहा है। कई पंखे खराब हैं तो कई रिपेयरिंग में गए हुए हैं। हुआ है। खाना खाने या फिर डिस्कशन के लिए कही बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है बच्चे जमीन में बैठकर सारा कार्य करते है। इस लाइब्रेरी का लिफ्ट बंद है।

### निरीक्षण किया जाएगा

सेंट्रल लाइब्रेरी के संचालन का जिम्मा ठेका कंपनी को दिया गया है। मेंटेनेंस से लेकर स्टाफ तक की व्यवस्था ठेकेदार ही कर रहा है। फीस वृध्दि की जानकारी तो नहीं है। व्यवस्था के लिए निरीक्षण कर लिया जाएगा। छात्रों से बात की जाएगी।

- खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त, नगर निगम

# तीन महीने बंद रहेंगे सर्विसिंग सेंटर 250 से अधिक को नोटिस

- कैफे सील करने पहुंची निगम की टीम लौटी

**बिलासपुर।** निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शनिवार को दिन भर अभियान चलाया। इस दौरान गौरव पथ रोड स्थित गोविंदम पैलेस के कैफ प्लेटानिक्स को सील करने पहुंची टीम रेस्टोरेंट संचालक को सामान हटाने का समय देकर लौट आई। इसमें विवाद भी हुआ।

निगम ने इसके बाद जवाली नाला के पास कमल नागवानी द्वारा बिना अनुमति किए जा रहे दुकान और गोदाम के निर्माण को रोका और मौके से बिल्डिंग मटेरियल भी जब्त किया गया। इसके साथ ही निगम ने कार वॉश पर बैन लगा दिया है। निगम के अनुसार इससे पीने की पानी की बर्बादी हो रही है। हालांकि निगम के इस फरमान का कार वॉश संचालकों ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि उनका कारोबार बंद होने से मजदूर और मेकेनिक भी बेरोजगार हो जाएंगे। गौरव पथ रोड स्थित गोविंदम पैलेस की चौथी मंजिल पर कैफे कैफ प्लेटानिक्स का संचालन किया जा रहा है। इसमें तेज आवाज में डीजे भी बजाया जाता है। निगम के बिल्डिंग आफिसर सुरेश शर्मा का कहना है कि, कैफे के खिलाफ शिकायत की थी। निगम अमला कैफे को सील करने पहुंचा था, लेकिन संचालक अनिल कुमार सैनी द्वारा तेज आवाज में डीजे नहीं बजाने के आश्वासन के बाद सीलिंग की कार्रवाई स्थगित कर दी गई।



### अब तक 100 सेंटर हो चुके हैं बंद

इसके साथ ही निगम सीमा में कंप्रेशर मशीनों से पीने के पानी से गाड़ी धोकर पेयजल की बर्बादी पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए 8 जोन में 250 सर्विसिंग सेंटर को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें 100 सेंटर बंद हो चुके हैं। सबसे ज्यादा नोटिस जोन 2 तिफरा में 42 को जारी किया गया है। एक सप्ताह निगम के सभी जोन के कर्मचारी मौके पर जाकर नोटिस जारी कर सभी सेंटरों को बंद कराएंगे। निगम ने तीन माह के लिए ऐसे कंप्रेशन मशीनों को बंद करने का निर्णय लिया है।

# सट्टा खिलाते पकड़ा गया सटोरिया खाईवालों पर नहीं हो रही कार्रवाई

**बिलासपुर।** आईपीएल मैच में मोबाइल से क्रिकेट सट्टा खिलाते एक सटोरिए को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से मोबाइल व नकद रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर खानापूर्ति कर रही है।



सीपत पुलिस को सूचना मिली, ग्राम टेकर में एक युवक अपने घर से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने घर में घेराबंदी कर टेकर निवासी अश्वनी वर्मा पिता संतोष वर्मा को पकड़ लिया। मोबाइल चेक करने पर सट्टापट्टी पाई गई। पूछताछ में उसने गनियारी निवासी ललित वर्मा पिता स्व. जियालाल वर्मा के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार किया है। उसके पास दो मोबाइल, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर, 1750 रुपए नकद जब्त किया गया है। पुलिस ने धारा 7, 1 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व कंपनी गार्डन गली के पास से 1, हांफा से 4 व मध्यनगरी से 2 सटोरियों को मोबाइल से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा था।

### खाईवालों को अभयदान

सट्टा खिलाने वाले खाईवालों का नाम सामने आने के बाद भी पुलिस उन्हेंअभयदान देने में लगी हुई है। पिछले दिनों हांफा में 4 लोग क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ाए, जिससे मोपका गार्डन कालोनी निवासी अविनाश माधवानी व सीपत के टेकर में सटोरिया ने गनियारी निवासी ललित वर्मा, देवरीखुर्द में चीना मानिकपुरी व कोतवाली क्षेत्र में देवरीखुर्द निवासी रिंकू उर्फ नरेश पंजवानी खाईवाल के द्वारा सट्टा खिलाना उजागर हुआ है। अब तक एक भी खाईवाल पर कार्रवाई नहीं हुई है।

# एसीसीयू टीम का काम दिखना चाहिए, हर सप्ताह होगी समीक्षा

**बिलासपुर।** एसएसपी ने एसीसीयू टीम की बैठक लेकर बीते दो माह के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा काम दिखना चाहिए। काम नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों को बाहर कर नए आरक्षकों को अवसर दिया जाएगा। उन्होंने हर सप्ताह काम के समीक्षा करने की बात कही है।

शनिवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने एसीसीयू टीम के अधिकारी व पुलिसकर्मियों को एक एककर तलब करते हुए बीते दो माह में उनके द्वारा किए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने टीम को साइबर फ्राड के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना स्टाफ के साथ समन्वय बनाते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसी तरह गंभीर मामले में आरोपियों पर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। गुण्डा बदमाश, निगरानी के विरूद्ध कार्रवाई करने व संगठित अपराध में विशेष निगाह रखने व सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने निर्देश दिया। आनलाइन फ्राड की राशि होल्ड होने के संबंध में स्पष्ट जानकारी पीड़ितों को दिए जाने के संबंध निर्देश दिए हैं।









5-APR--REGNOL--pg-5-ALTAR_Layout 1 4/5/2025 11:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भाजपा का स्थापना दिवस आज दो पालियों में होंगे कार्यक्रम

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज 6 अप्रैल रविवार को देश के साथ जिले के सभी मंडलों एवं बूथों में मनाया जाएगा। प्रथम पाली में बूथ व मंडल के कार्यक्रम होंगे, इसके पश्चात दूसरे पाली में दोपहर 3.30 बजे जिला स्तर का कार्यक्रम अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित है। कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद स्व निरंजन प्रसाद केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व डॉ भानु गुप्ता, पूर्व विधायक स्व फूलचंद जैन, पूर्व विधायक स्व मुनीराम साहू के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता, भाजपा के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत व जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य, नगर पालिका नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद तथा जिले में निवासरत वरिष्ठ भाजपा नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा ने दी।

### लालपुर के भुवनेश्वर ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



**लालपुर।** जिले के एक छोटे से गांव लालपुर के रहने वाले भुवनेश्वर खांडे पिता कनक खांडे ने अपनी कड़ी मेहनत लगन से अपने वर्ग में देश में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया है। एबीपीएस (एएफओ) स्पेशलिस्ट ऑफिसर के पद पर चयनित होकर भुवनेश्वर ने अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया है। उनका कहना कहना है कि सफलता उन लोगों को मिलती है जो खुद पर विश्वास करते हैं और अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करते हैं। यही सोचकर उन्होंने 4 साल की कड़ी मेहनत तक सफलता हासिल की है। हर बार 1-1 अंक से चूकने के बाद आखिरकार इस बार उन्हें सफलता मिल ही गई।

### ओवर ब्रिज के नीचे बड़े वाहनों की पार्किंग से दुर्घटना की आशंका



**बेलतरा।** बिलासपुर-कटघोरा मुख्य मार्ग पर जाली ग्राम पंचायत नेवसा मोड़ के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे वाहन चालक आए दिन बड़े वाहनों को खड़ा कर दे ते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह तिराहा जाली-मटियारी मार्ग होने के कारण ज्यादा व्यस्त रहता है, ऊपर से यहां लावारिस मवेशियों का भी जमावड़ा रहता है। ऐसे में यहां से छोटे वाहनों को गुजरने में काफी दिक्कतें का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद भी वाहन चालक बड़े वाहनों को ओवर ब्रिज के नीचे लापरवाही पूर्वक खड़ा कर देते है, किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। देखना यह है कि प्रशासन इस ओर ध्यान देता है एवं क्या कार्रवाई करता है।

### पेयजल की समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना

**मुंगेली।** गर्मी काल के दौरान मैदानी स्तर पर पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला उपखंड एवं विकासखण्ड स्तर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुन्दन राणा ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नम्बर 8103535950 है। विकासखंड मुंगेली एवं लोरमी हेतु संपर्क नम्बर 9479112541, विखं मुंगेली हेतु 9009060006, 7000273696, विखं लोरमी हेतु 9753164060, 9691222013 और विखं पथरिया हेतु 9993859123, 8085389791 और 9399008231 हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए इन नम्बरों पर संपर्क किया जा सकता है। इन नम्बरों पर संपर्क नहीं होने की स्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड मुंगेली के लिए सहायक ग्रेड 2 राहुल पाठक के मोबाईल नम्बर 8103535950 पर संपर्क किया जा सकता है। बिगड़े हैंडपंपों की सूचना जनसधारण टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर दी जा सकती है।

## हवन के साथ विधि विधान से की गई पूजा

# अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों में माता व ज्योति कलश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। साथ ही मंदिर जाने के रास्ते पर लगी स्ट्रीट लाइट बंद रहने से श्रद्धालु परेशान होते रहे।

नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर सुबह से दिन भर देवी मंदिरो में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा, नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खर्रीपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर मल्हापारा सहित अनेक मंदिरों में भक्तों भीड़ लगी रही। इस अवसर पर पूरे विधि-विधान से माता का श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना की गई।

सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में हवन में मुख्य यजमान के रूप में महामाया मंदिर के पुजारी प्रहलाद जोगी ने हवन संपन्न कराया। हवन के पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### अष्टमी पर महामाया मंदिर में हवन एवं कन्या भोज कार्यक्रम



**पथरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व भारी उत्सव से मनाया जा रहा है, जगह-जगह मंदिरों में जेवरा ज्योति कलश रखे गए हैं। इसी क्रम में नगर के दोनों महामाया मंदिरों को सजाया गया है। नवरात्रि के अष्टमी के दिन शनिवार को पथरिया महामाया मंदिर एवं चोरभट्ठी महामाया मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में माता के भक्त पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस अवसर पर भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में कई तरह के प्रबंध किए गए। अष्टमी के दिन विधि-विधान से हवन एवं पूजन किया गया। साथ ही भक्तों ने मंत्र उच्चारण के साथ के सांखला की आहुति डाली।

### रामानुजाचार्य आश्रम दुर्गा मंदिर में कन्या पूजन व भंडारा आज



**पेंड्रा।** नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में नौ दिन के विविध अनुष्ठान के साथ ही माता के नव रूपों का दर्शन कर भक्तों ने मां की आराधना। इसी क्रम में आज नवमीं के दिन हवन-पूजन के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही कन्या पूजन कर कन्या भोज का आयोजन भी किया जाएगा। इस वर्ष भी दशमी को अखंड मनोकामना सिद्ध ज्योति कलश श्री दुर्गा मंदिर विद्यानगर से होते हुए नगर भ्रमण कर सोन नदी में विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। इसमें क्षेत्र की समस्त माताएं सिर पर ज्योति कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी।

### नगर में निकली काली की सवारी



**तखतपुर।** नवरात्रि पर्व की सप्तमी को काली की सवारी ने नगर भ्रमण किया। इस दौरान काली की सवारी ने एक हाथ में तलवार एवं एक हाथ में खप्पर लेकर नगर के सभी देवी मंदिरों का दर्शन किया। इसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालु पूरे मार्ग पर देर रात तक इंतजार करते रहे। नवरात्रि पर्व पर पूरा क्षेत्र भक्ती मय हो गया है। आसपास सभी देवी मंदिरो में माता का गुणगान किया जा रहा है। हर वर्ष दोनों नवरात्रि पर्व पर काली की सवारी टिकरीपारा से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करती है। नगर के सभी देवी मंदिरों में काली सवारी पहुंचती है। यह भ्रमण रात में लगभग 11 बजे से शुरू होता है जो देर रात लगभग 1 बजे तक चलता है।



## कलेक्टर, एसपी ने वृद्धों से मुलाकात कर जाना हाल

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम में वृद्धजनों से मुलाकात कर शाल, श्रीफल और फलों की टोकरी भेंट की। सियान सदन में वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष और सदस्यों से भी भेंट की। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और समाज हित में उनके योगदान की सराहना की।

कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गुरुवार शाम रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम का दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को रेडियो, शॉल, श्रीफल और फलों की टोकरी भेंट कर उनकी खुशहाली की कामना की। कलेक्टर ने वृद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि रेडियो के माध्यम से वे समाचार, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने सभी से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके अलावा, कलेक्टर ने आनंदाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सियान सदन में वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष और सदस्यों से भी भेंट की। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और समाजहित में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक एपी गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामनवमीं पर होगी रामजी की प्रतिमा की स्थापना



**तखतपुर।** राम नवमीं के दिन नगर में स्थापित श्रीराम मंदिर में भगवान की स्थापना की जाएगी। मंदिर में कलश चढ़ाया गया और मंदिर में पूजा अर्चना की गई। सांस्कृतिक भवन के पास बने श्रीराम मंदिर की स्थापना 6 अप्रैल को रामनवमीं के दिन की जाएगी जिसके लिए तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को समिति के द्वारा आमंत्रण दिया गया। साथ में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष नैन लाल साहू के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित नगरवासियों को आमंत्रित किया गया। मंदिर स्थापना के एक दिन पहले कलश स्थापना के लिए पूजा की गई पूजा में आशीष सिंह ठाकुर यजमान अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, आचार्य धनंजय मिश्रा ने पूजा अर्चना कराई इसके बाद मंदिर में कलश चढ़ाया गया। आचार्य द्वारा अधिवाश पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर मुन्ना श्रीवास, टेकचंद कारड़ा, सुनील आहूजा, अजय देवांगन आदि मौजूद थे।

### रामनवमीं पर आज होंगे विविध आयोजन



**मुंगेली।** भगवान श्री रामचंद्र जी का प्रागट्य उत्सव श्री रामनवमी का महापर्व आज हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में नगर के मध्य स्थित श्रीराम मंदिर मे साफ-सफाई कर रंग-रोगन के साथ आकर्षक सजावट का कार्य पूर्ण किया गया। मंदिर में सुबह 11 बजे से श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ होगा। तत्पश्चात नवीन वस्त्रों से भगवान श्रीराम का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। शाम 5 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। दूसरे दिन 7 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। प्रभु श्री रामचंद्र जी का जन्म उत्सव श्रद्धा और भक्ति भावना के साथ 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। महास्नान, अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह 11 बजे जन्म उत्सव मनाया जाएगा। भगवान राम के जन्मोत्सव और महाआरती को लेकर पूरे मंदिर परिसर में जोरदार सजावट की गई है। भगवान को मौसमी फलों के भोग के साथ पंचामृत और पंजरी का विशेष प्रसाद सभी श्रद्धालुओं को वितरण किया जाएगा।

### हमप्याले दोस्त की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सका दूसरा दोस्त, फांसी लगाकर की खुदकुशी

**तखतपुर।** गांव में लड़की देखने आए युवक ने गांव के ही युवक के साथ शराब पी और घर जाते वक्त गांव का युवक का डेम में नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट आने से उसकी मृत्यु हो गई। लड़की देखने आए युवक ने दोस्त की मृत्यु का समाचार मिलते ही गांव में दूर जाकर गमछे से पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार रतनपुर रानीगांव निवासी विजय मरकाम पिता स्व. साधे लाल मरकाम उम्र 33 वर्ष अपनी शादी के लिए लड़की देखने थाना अंतर्गत ग्राम गुनसरी में रहने वाले अपने पिता के साढ़ू अशोक मरकाम के यहां 4 अप्रैल को आया था। गांव आने के बाद गांव के ही मित्र होरी लाल गोंड़ के साथ रात्रि 9 बजे दोनों ने गांव के डेम में बैठकर शराब पी, कुछ देर बातचीत करने के बाद जब घर वापस जाने लगे तब होरी लाल गोंड का पैर फिसल गया और सीधे डेम में जा गिरा जिससे उसे चोंटे आई। डेम में पानी तो नहीं था पर सिर पर चोट आने से वह रातभर वहीं पड़ा रहा और उसकी मौत हो गई। सुबह जब विजय मरकाम को यह पता चला कि जिस दोस्त के साथ रात में बैठकर उसने शराब पी थी, उसकी डेम में गिरने से मृत्यु हो गई है तब वह सदमे में आ गया और गांव से दूर जाकर पेड़ पर अपने पास रखे गमछे से फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली।

- ग्राम गुनसरी में लड़की देखने आए युवक की डेम में गिरने से हुई मौत

## ग्रामीण से मारपीट, इलाज के दौरान मौत, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

आंगनबाड़ी के छज्जे को काटकर मकान बना रहे ग्रामीण ने आंगनबाड़ी में रह रहे ग्रामीण के मना करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने आठ आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।



मृतक

सूत्रों के अनुसार स्वारथ नवरंग ग्राम भीमपुरी में रहता है। उसका भाई छेदी लाल नवरंग अपने पुराने मकान को तोड़कर अपने घर से लगा हुआ नया कमरा बना रहा है। उसने 4 अप्रैल की रात को छेदी नवरंग के घर तरफ जाकर देखा तो आंगनबाड़ी में रहने वाले शशि नवरंग, राजकुमार नवरंग, सुरेश नवरंग, आकाश नवरंग, विनोद नवरंग, प्रकाश नवरंग, करन नवरंग, पवन नवरंग सभी एक राय होकर छेदी और उसके बेटे अर्जुन नवरंग के साथ मारपीट कर रहे थे। प्रार्थी का भाई साधे नवरंग उसका बेटा धर्मेंद्र नवरंग उसका भतीजा आशीष नवरंग बीच बचाव करने आया तब शशि नवरंग और उसके साथियों ने एक राय होकर हमला कर दिया जिससे साधे लाल नवरंग के सिर पर गंभीर चोंटे आई। साधे नवरंग के सिर से खून निकलने पर सभी आरोपी वहां से भाग गए। सभी घायलों को लोरमी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, उसके बाद उसे सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया, जहां इलाज के लिए बिलासपुर ले जाते वक्त साधे नवरंग की मृत्यु हो गई। प्रार्थी ने साधे नवरंग की मृत्यु का कारण आरोपियों द्वारा मारपीट करने से आई चोट को बताया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 103,1 115,2, 190, 191,2, 296, 351,2 के तहत आठ आरोपीयों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### जनता के सुख-दुख का हिस्सा बनें जनप्रतिनिधिः भारती

**तखतपुर।** जीतने भी नए जनप्रतिनिधि जो निर्वाचित हुए है वे सभी शासन की योजनाओं का हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और क्षेत्र का भरपूर विकास करें, ताकि आपकी भी क्षेत्र में पहचान बने। उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य भारती माली ने कही। उन्होंने कहा जनता के सुख दुख का हिस्सा बनें जनप्रतिनिधि। ग्राम देवरीकला सामुदायिक भवन में आयोजित नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सूर्यवंशी मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर लाल पारकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सौखी लाल मंजारे, प्रहलाद सूर्यवंशी मौजूद रहे। जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि क्षेत्र का विकास हम सब की जवाबदारी है।




### सनाढ्य कुर्मी क्षत्रिय समाज की महासभा में शामिल हुए धरमलाल

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं योग्यता और संस्कार के साथ आगे बढ़ें: कौशिक

**दगोरी।** छत्तीसगढ़ सनाढ्य कुर्मी क्षत्रिय समाज की महासभा आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक थे।



कार्यक्रम में शामिल बिल्हा विधायक व समाज के लोग।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि जो छात्र अध्ययन अध्यापन कर रहे हैं वे विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी का इस्तेमाल करें। साथ ही कृषि से भिन्न व्यवसाय को भी कृषि के साथ अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं योग्यता और संस्कार के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं से नम्रता देवी कौशिक, संजना कौशिक, कक्षा 12वीं दिव्या कौशिक, रूपाली कौशिक, दिव्यांशी कौशिक, खुशी कौशिक, स्नातक से रितु सन्नाड, नेहा कौशिक, स्नातकोत्तर से भावना कौशिक, लोचन प्रसाद कौशिक, चिकित्सा के लिए डॉ निखिल सनाढ्य, डॉ अंजली कौशिक, डॉ सूरज कौशिक, डॉ प्रियंका कौशिक, संध्या कौशिक, पीजीडीसीए के लिए, अधिवक्ता संदीप कौशिक, वर्षा व पत्रकारिता के लिए भारतेंदु कौशिक, हिमांशु कौशिक फोटोग्राफी के लिए, तबला वादन के लिए पुष्पेंद्र कौशिक, लॉन टेनिस के लिए दीपेश वर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान नगरीय निकाय एवं पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। जिसमें विनय कौशिक नगपुरा सरपंच, सुजीत वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका लोरमी, डॉ रामकुमार कौशिक अध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा, रमा कौशिक बेलमुंडी, मनीष कौशिक बोड़सरा, राधिका कौशिक, मधु कौशिक ,पूजा कौशिक, सावित्री कौशिक सरपंच, रंजना कौशिक जनपद सदस्य, सविता कौशिक पार्षद मनहरण कौशिक पार्षद, नगर निगम बिलासपुर सहित उपसरपंच शामिल थे।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सियाराम कौशिक अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक उपाध्यक्ष मुन्नीलाल सनाढ्य छोटेलाल कौशिक अमने विजय कौशिक सकर्रा सुरेश कौशिक, चंद्रप्रकाश सनाढ्य सुधाराम कौशिक, बलदाउ कौशिक, बशाखु कौशिक,गोवर्धन कौशिक, संतोष कौशिक कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार कौशिक महासचिव, मनोज सनाढ्य महासचिव,मनहरण कौशिक परसदा गीतांजलि कौशिक रुक्मणी कौशिक ममता कौशिक, अशोक कुमार कौशिक, रुपेन्द्र वर्मा केशव वर्मा, राजेश कौशिक , दशरथ सनाड्य बनवारी सनाढय, भुवनेश्वर कौशिक किरण कौशिक, वरुण वर्मा,उमेंद कौशिक पाली ,योगेश कौशिक, प्रदीप सनाढय,, नवनीत कौशिक, राहुल वर्मा,चंद्रप्रकाश वर्मा ,बिंदेश्वरी वर्मा, लछमी कौशिक, कपिल कौशिक, तुलसी कौशिक,भातेन्दु विपुल सनाड्य, सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य ने राष्ट्रीय चेतना के साथ समाज को आगे बढ़ने का संकल्प लिया।